# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# आदर्श कार्य पत्रक - अर्धवार्षिक आकलन
# हिंदी -कक्षा 1
# सत्र 2026-27

**निर्धारित समय:** 1.5 घंटे **अधिकतम अंक:** 40

**अध्यापक द्वारा छात्रों को दिए जाने वाला निर्देश**:

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें |
- कृपया जाँच कर लें कि इस कार्य पत्रक में 03 मुद्रित पृष्ठ हैं |
- छात्रों को कार्यपत्रक समझाने हेतु अध्यापक को 10 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है, इस अवधि में छात्र केवल कार्यपत्रक को समझेंगे एवं उत्तर लिखना प्रारंभ नहीं करेंगे |
- कार्यपत्रक में कुल 13 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- सभी प्रश्नों के आगे उनके लिए निर्धारित अंक लिख दिए गये है|

---

**प्रश्न 1. सही विकल्प पर सही (✓) का चिन्ह लगाइए -** (1x5)

**(i) चपलम किस ग्रह से पृथ्वी पर आया था ?**

(क) बुध
(ख) मंगल
(ग) शनि

**(ii) चपलम किसपर बैठ कर पृथ्वी पर आया था ?**

(क) नाव
(ख) कार
(ग) यान

**(iii) लाल परी के पंख किस रंग के थे ?**

(क) लाल
(ख) सफ़ेद
(ग) नीला

**(iv) विभु कौन सा फूल तोड़ने के लिए आगे बढ़ा ?**

(क) गुलाब
(ख) चम्पा
(ग) कमल

**(v) निम्नलिखित में कौन-सा मीठा नही होता है ?**

(क) रसगुल्ला

(ख) आम

(ग) नमकपारे

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए -** **(1x5 )**

(i) न्यारी

(ii) दाख

(iii) स्वतंत्र

(iv) गुंजार

(v) गगरी

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(1x7)**

(i) ऊंट और लोमड़ी किसके खेत में पहुँच गए ?

(ii) राम के गुरु का क्या नाम था ?

(iii) राजा दसरथ कहाँ के राजा थे ?

(iv) बकरी ने मुझे क्या दिया ?

(v) मीठी को कौन दूर उड़ा ले गई ?

(vi) धनराज किससे मिलने आए थे ?

(vii) दादा जी किससे मिलने शहर आए थे ?

**प्रश्न 4. दिए गए शब्दों को रिक्त स्थान में भरकर प्रत्येक वाक्य को पूरा कीजिए –** **(0.5x5=2.5)**

**आदर , सुंदर , लक्ष्मण , बगीचे , हरे**

(i) बड़ों का ----------------------- करना चाहिए |

(ii) चपलम के बाल --------------------- रंग के थे |

(iii) विभु के घर के पीछे एक -----------------------बाग़ था |

(iv) राम के भाई का नाम --------------------- था |

(v) ----------------- में अनेक सुंदर फूल खिले थे |

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों को बहुवचन में बदलिए –** **(0.5 x 5=2.5 )**

(i) औरत

(ii) चूहा

(iii) बच्चा

(iv) मधुमक्खी

(v) तितली

**प्रश्न 6. सही वाक्य पर सही का (✓) तथा गलत वाक्य पर गलत का (X) चिन्ह लगाइए (0.5x5=2.5)**

(i) पुआ सोहारी खट्टी होती है | ( )

(ii) दादा जी गर्मी की छुट्टियों में शहर आए थे | ( )

(iii) वेद का घर पहाड़ के पास था | ( )

(iv) चपलम का शरीर पीले रंग का था | ( )

(v) ऊंट एक बार में बीस दिनों का पानी पिता है | ( )

**प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखिए – (0.5 x 5=2.5)**

(i) जिव -----------------------

(ii) शरिर ----------------------

(iii) फुल ------------------------------

(iv) चुड़ी ---------------------------------

(v) तरबुज ---------------------------------

**प्रश्न 8. जंगल से प्राप्त होने वाली पांच वस्तुओं के नाम लिखिए – (0.5x5=2.5)**

**प्रश्न 9. स्तम्भ (क) तथा स्तम्भ (ख) का मिलान कीजिए – (0.5x5=2.5)**

| | **स्तम्भ (क)** | **स्तम्भ (ख)** |
|---|---|---|
| (i) | मीठी होती | लाल |
| (ii) | चपलम की आँखे | पुआ सोहारी |
| (iii) | यह बगीचा ही है मेरा | गर्दन |
| (iv) | ऊँचे ऊंट की ऊँची | घर |
| (v) | राम के पिता | दशरथ |

**प्रश्न 10. इ तथा ई की मात्रा के दो-दो शब्द लिखिए- (1x2)**

**प्रश्न 11. वचन की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए – (2)**

**प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग कर वाक्य बनाइए - (0.5x4=2)**

(i) आदर- ------------------------------------------------------------------------------

(ii) फूल - ------------------------------------------------------------------------------

(iii) पिता- ------------------------------------------------------------------------------

(iv) मीठा- ------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न 13 . निम्नलिखित शब्दों का संस्कृत शब्द लिखिए – (1x2)**

(i) यान- -----------

(ii) फूल - ------------